# सांसद राहुल कस्वां ने कृषि मंत्री से मुलाकात की

**चूरू** (निसं)। संसदीय क्षेत्र में डीएपी की मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। चूरू संसदीय क्षेत्र में लगभग 6700 टन डीएपी की आवश्यकता है, लेकिन फिलहाल लगभग 2000 टन की आपूर्ति ही हो पाई है। अतः किसान हित्तों को देखते हुए क्षेत्र में स्थित सादुलपुर रैक प्वाइंट पर डीएपी की मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। खरीफ-2021 का फसल बीमा क्रॉप कटिंग के आधार पर लम्बित है, जिसके सम्बन्ध में की बैठक आहूत करने के लिए कहा।

क्रॉप कटिंग के आधार पर लगभग 750 करोड रू की फसल बीमा क्लेम इस सीजन का बन रहा था; लेकिन बीमा कम्पनी ने सैटेलाइट के आधार पर मात्र 250 करोड़ किसानों के खातों में डालकर इतिश्री कर ली। हक का पैसा न मिलने से क्षेत्र का किसान आज भी अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है। राज्य सरकार और भारत सरकार के स्तर पर क्रॉप कटिंग के आधार पर खरीफ-2021 का बीमा क्लेम देने का निर्णय होने के बावजूद इतने लम्बे समय तक की बैठक आहूत न होना चिंतनीय विषय है। खरीफ-2023 का सम्पूर्ण बीमा क्लेम अभी तक बकाया है, जिसके सम्बन्ध में की बैठक जल्द आहूत कर किसानों को उनका हक दिलवाने के लिए कहा। सांसद कस्वां ने बताया कि खरीफ-2023 का सम्पूर्ण बीमा क्लेम बकाया पड़ा है जबकि खरीफ-2025 की सीजन शुरूहो गया है। किसानों के हक का पैसा उन्हें समय पर न मिलना चिन्ता का विषय है। अतः सरकार इस सम्बन्ध में उचित कार्यवाही यथाशीघ्र करे। कृषि मंत्री किरोड़ीलाल जी मीणा और कृषि आयुक्त ने सांसद कस्वां को आश्वासन दिया है कि डीएपी के एक रैक की व्यवस्था सादुलपुर में करवा दी जायेगी। साथ ही चूरू संसदीय क्षेत्र के खरीफ-2021 व खरीफ-2023 से सम्बन्धित बीमा क्लेम को लेकर बैठकें आगामी 10 दिन में आहूत की जायेंगी।

# 'जल संरक्षण में भागीदारी निभाते हुए वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान को सफल बनाएं'

**चूरू** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत शुक्रवार को चूरू दौरे पर रहे। उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित सेठाणी के जोहड में आयोजित वंदे गंगा- जन संरक्षण अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम में जल पूजन व श्रमदान किया। ऽजिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, सीईओ श्वेता कोचर, नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने जल पूजन व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके बाद सेठाणी जोहड में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि हम सभी जल संरक्षण में भागीदारी निभाएं तथा वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान को सफल बनाएं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश खुशहाली की राह पर आगे बढ रहा है।



जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने सेठाणी जोहड़ में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जल पूजन व श्रमदान किया।

प्रदेश में इस मानसून के दौरान 8 करोड पौधें लगाने का लक्ष्य रखा गया है। हम सभी अधिकाधिक पेड लगाएं तथा जल संरक्षण की गतिविधियों को बढावा दें। उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति व प्राकृतिक संसाधनों के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए संतुलित व्यवहार करना होगा तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए संवेदनशील होना होगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान किसी व्यक्ति, समाज, संस्था तक सीमित नहीं होकर सभी की सामूहिक भागीदारी से सफल होगा। हम वर्षा जल का सही व समुचित उपयोग करें तथा जल संरक्षण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। हमारे प्रयासों से ही वर्षों तक हम प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर पाएंगे।

विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रदेशव्यापी अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता से काम करना है। हम सभी अपने घरों में कुण्ड बनाएं, वर्षा जल का संग्रहण करें तथा जलग्रहण संरचनाओं का रख-रखाव करें। पंरपरागत जल स्त्रोतों का संरक्षण करें। हमें पानी का महत्व समझना होगा, अन्यथा आने वाली पीढ़िया हमें कोसेगी। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अभियान के तहत हम जल का मितव्यतता से उपयोग करें तथा भूमिगत जलस्तर को बढ़ाने के लिए प्रयास करें। अधिकाधिक वृक्षारोपण करें तथा कुण्ड, बावड़ियों, तालाबों को सहेजें। बसंत शर्मा ने कहा कि 20 जून तक वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान चलाया जाएगा। अतिथियों ने आमजन को तुलसी का पौधा भेंट कर वृक्षारोपण का शुभारंभ किया। इस दौरान एएसपी लोकेन्द्र दादरवाल, एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, तहसीलदार अशोक गोरा, सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा, पीएचईडी एडीशनल चीफ इंजीनियर राममूर्ति, सानिवि एसई पंकज यादव, ओमप्रकाश प्रजापत, बृजेन्द्र दाधीच, आकाश सैनी, भारत भूषण पूनिया, महेन्द्र डाबी, कैलाश डूडी सहित जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुकुल भाटी ने किया।

# निर्जला एकादशी पर शर्बत पिलाया

**सीकर,** (निसं)। लियो क्लब सीकर एवं अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन युवा जिला इकाई सीकर के संयुक्त तत्वावधान में आज "सेवा ही धर्म- निर्जला एकादशी पर शरबत सेवा" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ युवा जिला अध्यक्ष सज्जन अग्रवाल कि प्रेरणा से किया गया। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के इस मौसम में राहगीरों को शरबत पिलाना एक सच्ची सेवा है, और यही लियो क्लब सीकर का उद्देश्य भी है समाज के लिए समर्पण और सेवा।

घंटाघर, नया शहर में आयोजित इस सेवा कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों, दुकानदारों व यात्रियों को शीतल शरबत वितरित किया गया। इस अवसर पर क्लब के सक्रिय पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

प्रांतीय उपाध्यक्ष लियो रोहन अग्रवाल,क्लब सचिव लियो दीपांशु मित्तल,कोषाध्यक्ष लियो नीरज अग्रवाल, लायन लोकेश हाजरीका, सदस्य लियो शेखर अग्रवाल, लियो देवेंद्र गिनोडिया, लियो अनिता अग्रवाल, लियो कृष्णा अग्रवाल, महेश सैनी, नारायण जोगानी, हिमांशु शोभासरिया, अमित जोगानी इन सभी सदस्यों ने न केवल सेवा की बल्कि कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरी मेहनत, समय और संसाधन समर्पित किए।

## सार-समाचार

### जल संरक्षण जन अभियान की शपथ दिलाई

**बीदासर** (निसं)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत शुक्रवार को दूसरे दिन कस्बे के माणकसर तालाब की साफ सफाई का कार्य किया गया व शहरी रोजगार योजना के तहत तालाब के पास पौधारोपण हेतु गड्डे खुदवाए गए। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नही करने, पानी का सद् उपयोग करने, पेड़ पौधे लगाने व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित कार्मिकों, श्रमिकों व आमजन को जल संरक्षण जन अभियान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में पालिका के कनिष्ठ अभियंता मुकेश स्वामी, पूनमचंद नाई, लक्ष्मण सिंह, नरेश तेजी, छोटुराम, विजेश रेगर, पालिका में प्रतिपक्ष के नेता गोपाल गुर्जर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जेठाराम यादव, पार्षद पनालाल मेघवाल, हनुमान मल रेगर उपस्थित थे। इसी क्रम में पंचायत समिति परिसर में साफ सफाई का कार्य किया गया, तथा कार्मिकों को अभियान की शपथ दिलाई गई। उपखंड की 27 ग्राम पंचायतों में श्रमदान, सरकारी भवनों के छतों की सफाई व शपथ का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विकास अधिकारी राजूराम, सहायक विकास अधिकारी हंसराज मीणा, सहायक अभियंता इंद्र पाल नायक, सहायक लेखाधिकारी नेमीचंद, प्रगति प्रसार अधिकारी राकेश कुमार, वरिष्ठ सहायक शिवरतन सहित अनेक कार्मिक व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हुई

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के दरीबा मुक्ति धाम में शुक्रवार को नवनिर्मित भूतनाथ महादेव मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पंडित चंद्र शेखर दाधीच के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इस अवसर पर मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा मुख्य यजमान चंद्र प्रकाश गर्ग ने करवाई। इस अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं व यजमानों ने यज्ञ में आहुतियां दी। मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया, नर्सिंग अफ़सर मनमोहन शर्मा, धर्मदत्त शर्मा, धनराज सुथार, नथमल भोभरिया, गोपाल लोहिया, अशोक शर्मा, इंद्र छापोला, मौनु सैन, श्रीराम, भंवर लाल मारोठिया, प्रेम रतन आसोपा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इस अवसर पर सूरत प्रवासी राजूराम धुधांड़ा के सौजन्य से पूरे मंदिर प्रांगण के एरिया में टाइल लगाने के लिए आर्थिक सहयोग दिया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या गुरुवार की रात्रि में महा जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक नानू गोपाली द्वारा भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को देर रात्रि तक बांधे रखा।

### प्राचीन जोहड़ में श्रमदान किया

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के भाजपा नेता राकेश जांगिड़ व उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने तारानगर के ऐतिहासिक प्राचीन जोहड़ में साफ सफाई का कार्य कर वन्दे गंगा-जल सरंक्षण अभियान के दूसरे दिन की शुरुआत की। भाजपा नेता जांगिड़ ने जल सरंक्षण एवं प्रकृति सरंक्षण के प्रति जागरूक रहने एवं जल के महत्व को बताया। उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने कहा जल है तो कल है इसका समुचित उपयोग कर इसका सरंक्षण कर सदुपयोग करें। रेंजर सुरेन्द्र सिँह ने कहा अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाना है। इस मोके पर पालिका सफाई कर्मियों ने ईओ अजय प्रताप के नेतृत्व में पूरे जोहड़ पायतन की सफाई कर कचरे को एकत्रित कर बाहर निकाला। इस मोके पर शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, हरी इंदौरिया जमरदीन तेली, लखुसिँह शेखावत, एडवोकेट जितेंद्र सिँह राठौड़, मोहम्मद तैयब, शिव कुमार शर्मा, वीर बहादुर सिँह, राकेश टाक, राजेंद्र सिँह, महेन्द्र सिँह, नोरतमल, सहित पालिका के सफाईकर्मी मौजूद थे।

# थाना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा


**पाटन** (निसं)। क्षेत्र में बढ़ते ओवरलोडिंग के मामलों को लेकर शुक्रवार को पाटन के दर्जनभर से अधिक ट्रांसपोर्ट मालिकों ने एकजुट होकर पाटन थाना पहुंचे और थाना अधिकारी विक्रम सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। ट्रांसपोर्ट मालिकों का कहना है कि खनिज विभाग द्वारा ओवरलोडिंग पर अनुमति नहीं दी जाती, बावजूद इसके परिवहन विभाग की लापरवाही के चलते ओवरलोड वाहन बेरोकटोक चल रहे हैं। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि स्थानीय ट्रांसपोर्टर नियमों का पालन करते हुए अंडरलोड परिवहन करने को तैयार हैं, लेकिन कुछ बाहरी ट्रांसपोर्टर नियमों की धज्जियां उडाकर ओवरलोडिंग कर रहे हैं, जिससे न सिर्फ सड़कों को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि ट्रांसपोर्ट व्यवसाय में भी असमान प्रतिस्पर्धा उत्पन्न हो रही है। ओवरलोडिंग में संलिप्त खदान मालिकों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाए, जो वाहनों में आवश्यकता से अधिक माल भरवाते हैं। ट्रांसपोर्ट मालिकों ने यह भी आग्रह किया कि पुलिस एवं परिवहन विभाग संयुक्त रूप से नाकाबंदी कर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चालान और जब्ती जैसी कडी कार्यवाही करें।

# पी.एच.ई.डी., आपणी योजना के कर्मचारियों ने पौधे लगाए

**सुजानगढ़** (निसं)। राजस्थान सरकार के 5 जून से 20 जून तक चलने वाले वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत शुक्रवार को छापर रोड स्थित आपणी योजना कार्यालय में पीएचईडी, आपणी योजना, रियान कंपनी के कर्मचारियों ने पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया।

आपणी योजना परियोजना के अधिशाषी अभियंता जितेंद्र झांब, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एक्सईएन कैलाश माली के नेतृत्व में नीम, अनार, अशोक, खेजड़ी सहित 100 से अधिक विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए, इसके साथ ही शपथ लेकर कर्मचारियों ने एक-एक पौधा गोद लिया। अधिशाषी अभियंता जितेंद्र झांब ने बताया की सीएम के अभियान तहत पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कर्मचारियों को पानी, प्रकृति को बचाने की शपथ दिलाई। अधिशाषी अभियंता कैलाश माली ने कहा की सभी कर्मचारी सरकार के अभियान का बखूबी निर्वहन करते हुए प्रत्येक पौधे की देखरेख करने की जिम्मेदारी के साथ काम करेंगे। माली ने बताया की विभाग पानी की टंकियों, जल स्त्रोतों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर करवा रहे है। आमजन को जल बचाने के लिए लगातार कर्मचारियों द्वारा प्रेरित किया जा रहा है। इस मौके पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी जयराम स्वामी, सहायक अभियंता पीयूष डांडिया, कनिष्ठ अभियंता रवि शर्मा, मोहन मुंड, सुरेंद्र छीरंग, राजपाल ढाका, एलएनटी प्रतिनिधि कैलाश साध, विपुल पथानिया सहित कर्मचारी मौजूद थे।

■ पौधो को गोद लेकर देखरेख करने की शपथ ली



आपणी योजना कार्यालय में विभागीय कर्मचारियों ने पौधारोपण किया।

# राहगीरों को ठंडा पेय पदार्थ पिलाया

**चूरू** (निसं)। जिले भर में शुक्रवार को निर्जला एकादशी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान दिनभर दान-पुण्य का दौर चला। इस अवसर पर लोगों ने गायों को चारा, गुड़ व तरबूज खिलाया और शहर में जगह-जगह लोगों ने राहगिरों को ठंडा पेय पदार्थ पिलाया गया। इसीक्रम में भरतिया अस्पताल के सामने निर्जला एकादशी के अवसर पर मित्र मंडली की ओर से शुक्रवार को राहगीरों को नींबू पानी व जलजीरा पिलाकर गर्मी से राहत प्रदान की गई। इस पर गोपाल, मुकेश सैनी, धर्मेंद्र, अरविंद हुड्डा आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई।


**बेदखली आम सूचना**

मैं शेर मोहम्मद उमरखानी पुत्र मजीद खां, निवासी मदीना कॉलोनी सरदारशहर जिला चूरू (राजस्थान) का हूं। मैं घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्र अफसाना जो बालिग है ने अपनी मर्जी से घर से भागकर शादी कर ली है। जिससे मेरे परिवार की सामाजिक रूप से काफी इज्जत खराब हुई है। मेरे व मेरे भाइयों की पूरे समाज में काफी बदनामी हुई है। पारिवारिक, सामाजिक व व्यापारिक रूप से भी हमारा प्रतिष्ठा को भारी ठेस पहुंची है। मैं यह घोषणा करता हूं कि मैं अपनी पुत्री अफसाना से आज से संपूर्ण रूप से सभी तरह के संबंध विच्छेद करता हूं। मैं यह घोषणा करता हूं कि मैं और मेरा परिवार अफसाना से किसी तरह से कोई रिश्ता नहीं रखेगा, साथ ही अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से भी उसकों मैं बेदखल करता हूं। अगर कोई भी व्यक्ति या परिवार अफसाना से किसी तरह का रिश्ता, लेन-देन व्यवहार रखेगा, तो उस व्यक्ति व उसके परिवार की स्वयं की जिम्मेदारी होगी। यह घोषणा मैंने व मेरे परिवार ने काफी सोच-विचार कर, पूर्ण होश-हवास में की है। परवर दीगार इसमें मेरी सहायता करें।

दिनांक 06.06.2025

घोषणाकर्ता

शेर मोहम्मद पुत्र मजीद खां

मदीना कॉलोनी, सरदारशहर



राजस्थान सरकार

**विचार्य विषयों के निर्धारण के लिए प्रतिवादी के नाम आव्हान पत्र (ऑर्डर 5 रूल जाब्ता दीवानी) न्यायालय अपर सीनियर सिविल न्यायाधीश महोदय राजगढ़ जिला चूरू**

**मोहम्मद सलीम आदि-** वादीगण

विरुद्ध

**बिस्मिल्लाह आदि -** प्रतिवादीगण

**वाद बाबत विभाजन बनाम मु.सं. 06 सन-2019**

(3) मुराज पुत्र स्व. याकूब व स्व.जीना जाति मणियार निवासी विधार नगर, 406 प्लाट नंबर मकान चर्च वाली गली 15 नंबर बस स्टेण्ड जयपुर (4) पप्पू पुत्र स्व. याकूब व स्व.जीना जाति मणियार निवासी विधार नगर, 406 प्लाट नंबर मकान चर्च वाली गली 15 नंबर बस स्टेण्ड जयपुर (5) सिराज पुत्र स्व. याकूब व स्व.जीना जाति मणियार निवासी विधार नगर, 406 प्लाट नंबर मकान चर्च वाली गली 15 नम्बर बस स्टेण्ड जयपुर (8) पप्पू पुत्र स्व. याकूब व स्व. जीना जाति मणियार निवासी सर्राफो का कुआ मकड़ीनाथ स्कुल के पास, रतनगढ़ क्योंकि वादीगण मोहम्मद सलिम आदि ने आपके विरुद्ध एक दावा बावत विभाजन प्राप्त करने हेतु दायर किया है।अतः आपको अर्जीदावे का उत्तर देने के लिए तारीख 18 माह 07 सन् 2025 समय 10:00 AM बजे दिन के व्यक्तिशः या वकील द्वारा जो कि मुकदमें हाल से परिचित किया गया है मुकदमें से सम्बन्धित समस्त महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो प्रश्न का उत्तर दे सकें उपस्थित होने के लिए आंमत्रित किया जाता है। ज्ञात रहे कि उपरोक्त तारीख को आप उपस्थित न हुये तो आपकी अनुपस्थिति में सुन कर निर्णय कर दिया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रायुक्त दिनांक 31 मास 05 सन 2025 को जारी किया गया।

हस्ताक्षर

वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश राजगढ़ जिला चूरू


# सांसद कस्वां ने सड़क परिवहन व राजमार्ग एनएचएआई के अधिकारियों से मुलाकात की

■ संसदीय क्षेत्र के सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर के विभिन्न मुद्दों व प्रस्तावों को लेकर चर्चा हुई

**चूरू** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-52 पर विभिन्न स्थानों पर लगभग 184 करोड़ रू. की लागत से बनने वाले 12 नये की टैण्डर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, अतः इनका कार्य अतिशीघ्र शुरू करने के लिये कहा।

नव स्वीकृत राष्ट्रीय राजमार्ग-703 पर स्थित चूरू-नोहर सड़क वर्तमान में के पास है, अतः हमने के अधिकारियों को कहा है कि नोहर शहर, साहवा और तारानगर शहर के बाईपास निर्माण की जाए; ताकि भविष्य में बढ़ते ट्रैफिक के कारण शहरों में समस्या न आए। चूरू शहर में रिंग रोड निर्माण हेतु डीपीआर निर्माण के टैण्डर ने निकाल दिए हैं, जिसका कार्य जल्द शुरू हो जायेगा।

राजलदेसर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-11 पर नये ओवरब्रिज निर्माण हेतु प्रस्ताव भिजवाने के लिए कहा।

हमारे प्रस्ताव के आधार पर तारानगर से रावतसर तक की नहरी सड़क का श्रेणी परिवर्तन कर में परिवर्तित किया गया है। अतः के अखिकारियों को इस सड़क के निर्माण हेतु के तहत्त प्रस्ताव भारत सरकार को भिजवाने के लिये कहा है, ताकि इसे 07 मीटर चौड़ाईकरण के साथ बनवाया जा सके।

सादुलपुर शहर के बाईपास (पिलानी मार्ग से हिसार मार्ग) की डीपीआर द्वारा बनाई गई है। अतः इस डीपीआर को भारत सरकार को भिजवाने के लिये कहा ताकि भारत सरकार से बजट स्वीकृत करवाकर जमीन अधिग्रहण कर निर्माण कार्य शुरू किया जा सके।

सादुलपुर में पिलानी फाटक स्थित ओवरब्रिज से लेकर -52 (वाया सांखू चौराहा) तक सड़क व नाला के दोनों ओर शेष हिस्से पर ब्लॉक सड़क निर्माण करवाने पर बात हुई है।

साथ ही राज्य राजमार्ग भादरा से झुंझुंनू वाया सादुलपुर के अंतर्गत सादुलपुर शहर में सड़क व नाला निर्माण के बाद शेष हिस्से पर ब्लॉक सड़क निर्माण करवाने पर भी बात की; ताकि सड़क के दोनों साईड जलभराव की समस्या से निजात मिले।

इसके अलावा चूरू संसदीय क्षेत्र में सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुडे विभिन्न प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भिजवाने पर चर्चा हुई।

# कार्यशाला आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विश्व पर्यावरण पखवाड़ा दिवस पर नरोदडा स्थित गुसाईं जी मंदिर में उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा की अध्यक्षता में एक कार्यशाला आयोजित की गई। आयोजित कार्यशाला में मंदिर प्रांगण में प्रतीकात्मक तौर पर 5 पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आरंभ में मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।इस अवसर पर उपखंड अधिकारी मोहर सिंह ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सभी लोग पौधारोपण करें और एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाये। उन्होंने कहा कि हम पर्यावरण के लिए समर्पित रहे और बड़ी संख्या में पौधरोपण कर हरियालों राजस्थान के तहत हरित करने का संकल्प करें। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक को अवॉयड करें और कांच या स्टील की बोतल का उपयोग करें।

# किसान सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लें, ताकि खेतों का विकास हो सके : आर्य

**चूरू** (निसं)। गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले में शुरू हुए वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत चूरू ब्लॉक की ग्राम पंचायत लालासर के ग्राम ढ्राणी रणवां में छींपाणी जोहड में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख वंदना आर्य ने छींपाणी जोहड़ में कुण्ड का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि जल ही जीवन है, इस तथ्य के साथ किसान विभाग द्वारा चलाई गई सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लें एवं पानी का महत्व समझें। जिससे खेतों का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का प्रयोग बंद करें। इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान 20 जून तक चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल की एक-एक बून्द का महत्व समझना एवं आने वाले मानसून में वर्षा जल का अधिक से अधिक संग्रहण करना है। हम सभी अधिकाधिक जल का संरक्षण व पौधोपण करें। बीडीओ महेन्द्र भार्गव ने बताया कि एससी, एसटी, बीपीएल परिवारों के किसानों को महानरेगा योजनान्तर्गत कुण्ड व कैटल शेड का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने वर्षा जल संग्रहण, पौधरोपण गतिविधियों की जानकारी दी।

वाटरशेड सहायक अभियन्ता नागरमल ने बताया कि मुख्यमंत्री जल स्वालम्बन 2.1 व प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत ढाणी रणवां, लालासर व दुधवाखारा में खेतों में निजी कुण्ड, फार्म पौण्ड, सार्वजनिक कुण्ड व चारागाह विकास के 239 कार्य पूर्ण किये गये हैं व 25 कुण्ड प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि खेतां की मेड पर छायादार पौधे लगाएं तथा निर्मित कुण्डों के पास फलदार पौधे लगाएं। विभाग द्वारा आने वाले मानसून में पौधों का वितरण किया जाएगा।

इस अवसर पर सरपंच गोपाल राम कस्वां, शिव सिंह चौहान, लालासर सहकारी समिति अध्यक्ष मान सिंह दानोदिया, गोपीराम, प्रगतिशील कृषक आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बजरंग हर्षवाल ने किया।




जिला प्रमुख वंदना आर्य ने लालासर की ढाणी रणवां में छींपाणी जोहड़ में कुण्ड का उद्घाटन किया।


**कृषि अनुसंधान केन्द्र**

**(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)**

**दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001**

Mo. No. 8112207969 / 9414389929 Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com, Visit us : www.mpuat.ac.in

क्रमांक : एफ ( )/कृअके/2024-25/129-134 दिनांक 03.06.2025

**निविदा सूचना (2025-26)**

कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य / कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमन्त्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 12.06.2025 प्रातः 11.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदायें उसी दिन प्रातः 11.30 बजे तक जमा की जाकर मध्यान्ह् 12.00 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क (रू.) |
| --- | --- | --- | --- |
| कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट फार्म बांसवाड़ा पर संचालित बी.टी. कपास परियोजनाओं में कृषि कार्य। | 7,00,000/- | 14,000/- | 500/- |

संभागीय निदेशक अनुसंधान



**कृषि अनुसंधान केन्द्र**

**दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001**

**(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)**

Mo. No. 8112207969 / 9414389929 Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com, Visit us : www.mpuat.ac.in

क्रमांक : एफ ( )/कृअके/2025-26/123-128 दिनांक 31.05.2025

**निविदा सूचना (2025-26)**

कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य / कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमन्त्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 12.06.2025 प्रातः 11.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदायें उसी दिन प्रातः 11.30 बजे तक जमा की जाकर मध्यान्ह् 12.00 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क (रू.) |
| --- | --- | --- | --- |
| फल अनुसंधान केन्द्र, जलदाय विभाग के पीछे, बांसवाड़ा तथा कृषि अनुसंधान केन्द्र बोरवट फार्म, बांसवाड़ा पर संचालित कपास, मक्का, PVT परियोजना में कृषि कार्य। | 723575/- | 14500/- | 500/- |

संभागीय निदेशक अनुसंधान



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़**

क्रमांक :- न.पा.रा./कृ.भू./2025/670 दिनांक :-06.06.2025

प्रारूप 10 (नियम 6(7) देखिए)

**लोक सूचना**

श्री बिशन सिंह पुत्र श्री शिवदयाल सिंह जाति राजपूत साकिन रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन व्यवसायिक के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | पत्थर सं. | क्षेत्र |
| --- | --- | --- | --- |
| तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ | 24 DWD | 158/ 415(16) | किला नं.4/1 की 0.1260 है., 6/2 की 0.0380 है., 7/3 की 0.1900 है., कुल तादादी 0.3540 है. या 3540 वर्गमीटर |
| | | | योग 0.3540 है. |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जाएगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जाएगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 06.06.2025को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)**



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना**

No. - Comml/E-auction/2025/22 Date: 05.06.2025

उक्त के संदर्भ में स्टेशन पर कैटरिंग के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलोग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किये जा चुके है।

| क्र.स. | कार्य का नाम | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कैटरिंग के ठेकों हेतु ई-ऑक्शन |
| --- | --- | --- |
| 1. | कार्य की अवधि | कैटरिंगः- 5 वर्ष |
| 2. | लॉट के ई-ऑक्शन प्रारम्भ की तिथि व समय | दिनांकः- 19.06.2025 समयः- 11:00 बजे से |

| 3. | स्टेशन | PF | स्थान | श्रेणी |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| (i) | सुजानगढ़ | 1 | Center of Platform | GMU-General (W) |
| (ii) | सुजानगढ़ | 1 | Toward RTGH end | GMU-General (N) |
| (iii) | देशनोक | 1 | Toward MTD end | GMU-General (N) |
| (iv) | धनेरा | 1 | At Center of platform & near station building | GMU-General (N) |
| (v) | नागौर | 2 | On MTD side (2nd from MTD end) | SMU ST (N) |
| (vi) | नोखा | 1 | On BKN Side (1st from BKN end) | SMU-SC (N) |
| (vii) | जालौर | 1 | At Center of platform & near station building | SMU-OBC (N) |
| (viii) | बाड़मेर | 1 | On SMR side (2nd from SMR end) | SMU SC (W) |

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें 656-CR/25